UNIVERSITY NEWS 26 FEBRUARY 2025

HINDUSTAN

रिसर्च व फील्ड असिस्टेंट के लिए चयन समिति तय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अलग-अलग विभागों में संचालित परियोजनाओं में पीडीएफ, जेआरएफ, जूनियर रिसर्च असिस्टेंट, फील्ड असिस्टेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर के चयन में पारदर्शिता और ससमय प्रक्रिया को पूरा करने के लिए चयन समिति का गठन कर दिया है। इस बाबत कुलसचिव ने आदेश भी जारी कर दिया है। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने यह जानकारी दी।

चित्रकला शिविर और प्रदर्शनी का शुभारंभ

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय पार्क में चार दिवसीय महाकवि जयशंकर प्रसाद साहित्य-संस्कृति महोत्सव 2026 के तहत चित्रकला शिविर और प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। एलयू के हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, ललित कला संकाय, महाकवि जयशंकर प्रसाद ट्रस्ट, राज्य ललित कला अकादमी, संस्कृति विभाग संस्कार भारती अवध प्रान्त की ओर से आयोजित महोत्सव में कला, नाटक, संगीत और साहित्यिक गोष्ठी जैसे कार्यक्रम होंगे।

गोष्ठी का आयोजन

लखनऊ। लखनऊ विवि के अभियांत्रिकी संकाय में बढ़ता नशा-भटकता युवा विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता समाजसेवी नागेन्द्र बहादुर सिंह चौहान रहे।

AMAR UJALA

लविवि में बिना सूचना के अवकाश ले रहे थे कर्मचारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में कर्मचारी उच्च अधिकारियों को सूचना दिए बगैर ही अवकाश ले रहे थे। इस पर कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने नाराजगी जताई है। कुलसचिव भावना मिश्रा ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि अब उन्हीं कर्मचारियों का अवकाश मंजूर होगा, जो समर्थ पोर्टल पर आवेदन करेंगे। यदि पोर्टल नहीं चलता है तो कर्मचारी सक्षम अधिकारी को व्हाट्सएप पर सूचना देंगे। कुलसचिव ने बताया कि बिना किसी सूचना के कर्मचारियों के गायब होने के शिकायतों की जांच की गई तो मामला सही पाया गा। ऐसे कर्मचारियों से जवाब तलब किया गया है। (संवाद)

छात्रों ने सीखा रिज्यूमे बनाना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान (आईएमएस) में मानव संसाधन क्लब ने कैंपस से कॉर्पोरेट तक: रिज्यूमे का खाका विषय पर सत्र आयोजित किया। ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने बताया कि छात्रों को एटीएस (आवेदक ट्रैकिंग सिस्टम) के अनुकूल रिज्यूमे बनाना सिखाया गया। सत्र में पेशेवर रिज्यूमे की सही संरचना और कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। संचालन डॉ. आरती वर्मा ने किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

इनडोर खेलों में दिखा विद्यार्थियों का उत्साह

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर में आयोजित इंटर-हॉस्टल प्रतियोगिता फेस्ट का पांचवां दिन बुधवार को इनडोर खेलों के नाम रहा। दिनभर चले मुकाबलों में विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थियों ने गजब का उत्साह दिखाया। कैरम में त्रिप्ती सिंह, शतरंज में शनिका उप्पल हेराथ, टेबल टेनिस में काजिश यादव अव्वल रहीं। टेबल टेनिस (युगल) में अर्पणा देवी व नेहा राज की जोड़ी प्रथम आई। रंगोली में हबीबुल्ला हॉल के विवेक यादव व उनकी टीम विजेता रही। टेबल टेनिस में हर्ष पांडेय (कौटिल्य हॉल) और युगल में मेहदी व अब्दुल मलिक (एनडी हॉस्टल) ने पहला स्थान हासिल किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT

एलयू में 'साहित्य-संस्कृति महोत्सव' का आगाज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कवि जयशंकर प्रसाद की स्मृति में लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में साहित्य-संस्कृति महोत्सव की शुरुआत बुधवार से की गई। पहले दिन मालवीय पार्क में चित्रकला शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें कला संकाय के डीन प्रो. रतन कुमार ने चित्रकला व साहित्य के अंतर्संबंधों के बारे में बताया और छात्रों को कला की बारीकियां सिखाईं। राज्य संगीत नाट्य अकादमी की डॉ. विभा सिंह के काव्य पाठ के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इसके बाद शकुंतला विवि के प्रो. अवधेश मिश्र और ललित कला अकादमी के कमलेश पाठक ने छात्रों को कला के तकनीकी पहलुओं से अवगत कराया। चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में नाटक, कला व साहित्य पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

DAINIK JAGRAN

कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस के हुए मुकाबले

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर हास्टल प्रतियोगिता फेस्ट-2026 के अंतर्गत बुधवार का दिन द्वितीय परिसर में इनडोर खेलों को समर्पित रहा। इसमें छात्र और छात्राओं दोनों के लिए कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 8:30 बजे हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

शतरंज प्रतियोगिता में छात्रों ने गहन रणनीतिक मुकाबले खेले। टेबल टेनिस में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। कैरम में भी प्रतिभागियों ने "क्वीन" जीतने के लिए कड़े मुकाबले किए। कैरम के बालिका वर्ग में निवेदिता छात्रावास की त्रिप्ती सिंह प्रथम और लवण्या की अनुष्का वर्मा दूसरे स्थान पर रहीं।

I NEXT

दो से सात मार्च के बीच ऑनलाइन क्लास

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो से सात मार्च के बीच सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर शेष दिनो मे क्लास का संचालन शिक्षकों की सुविधा के अनुसार आनलाइन माध्यम से कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं. इस दौरान स्टूडेंट्स की आनलाइन उपस्थिति भी व्यवस्थित रखने के लिए कहा गया है. दो से सात मार्च के बीच सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर एलयू के कार्यालय सामान्य दिवसो की तरह ही खुले रहेंगे. कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध मे पत्र जारी किया है.

AMRIT VICHAR

कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस में हुए रोमांचक मुकाबले

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर मे चल रहे इंटर-हॉस्टल प्रतियोगिता फेस्ट-2026 का 5वें दिन खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। इनडोर खेलो मे लड़को और लड़कियो दोनो के लिए कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए। कार्यक्रमो की शुरुआत सुबह 8:30 बजे हुई, जिसमे विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासो से बड़ी संख्या मे प्रतिभागियो ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के विभिन्न पुरुष व महिला छात्रावासो के बीच खेलकूद प्रतियोगिता से लेकर साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 4 दिनो से किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएं हिस्सेदारी कर रहे हैं।

इंटर हॉस्टल फेस्ट मे टेबल टेनिस मे भिड़ती छात्राएं। अमृत विचार

DAINIK JAGRAN

शोध परियोजनाओं में चयन के लिए समिति गठित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में संचालित शोध परियोजनाओं में पोस्ट डाक्टरल फेलो, जूनियर रिसर्च फेलो, जूनियर रिसर्च असिस्टेंट, फील्ड असिस्टेंट और डाटा एंट्री आपरेटर आदि के चयन में एकरूपता व पारदर्शिता के लिए कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने समिति गठित कर दी है। इसमें संबंधित संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, संबंधित प्रधान अन्वेषक परियोजना, संकायाध्यक्ष की ओर से नामित एक वाह्य विशेषज्ञ और उप कुलसचिव प्रोजेक्ट शामिल हैं। सभी प्रधान अन्वेषकों से कहा गया है कि परियोजना से संबंधित पदों के लिए समिति से स्वीकृति के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी पदों का नियमानुसार विवरण उपलब्ध कराना होगा। समिति से चयन प्रक्रिया पूरी कराकर कुलपति से स्वीकृति लेकर कार्यवाही की जाएगी। वि.

दो से सात मार्च के बीच आनलाइन कक्षाएं

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो से सात मार्च के बीच सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर शेष दिनो मे कक्षाओं का संचालन शिक्षको की सुविधा के अनुसार आनलाइन माध्यम से कराए जाने के निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं की आनलाइन उपस्थिति भी व्यवस्थित रखने के लिए कहा गया है। दो से सात मार्च के बीच सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर लवि के कार्यालय सामान्य दिवसो की तरह ही खुले रहेंगे। कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इस संबंध मे पत्र जारी किया है। वि.

नकल के आरोप में 36 की परीक्षा निरस्त, 75 बहाल

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान नकल के आरोप मे पकड़े गए विभिन्न पाठ्यक्रमों के 36 विद्यार्थियो की परीक्षा निरस्त कर दी। इनमे एलएलबी, बीबीए, बीसीए, एमसीए आदि कोर्स के विद्यार्थी हैं। वहीं, 75 विद्यार्थियो के आरोप सिद्ध न पाए जाने की वजह से उन्हें बहाल कर दिया गया। इनमे भी एलएलबी, एमएससी, एमए, बी.एससी व बी.काम आदि कोर्स के शामिल हैं। विश्वविद्यालय ने इन सभी के रोल नंबर अपनी वेबसाइट पर जारी किए हैं। (जासं)

DAINIK JAGRAN

विद्यार्थियों ने फूलों से हर्बल गुलाल बनाना सीखा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान, वन्य जीव विज्ञान संस्थान और स्वयं सहायता समूह सांझी रेखा के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक हर्बल गुलाल उत्पादन पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सांझी रेखा की प्रमुख बंदना सिंह ने छात्र-छात्राओं को मंदिर में प्रयोग किए गए फूलों की मदद से हर्बल गुलाल बनाने का प्रशिक्षण दिया। जंतु विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर अमिता कनौजिया ने बताया कि कार्यशाला में गुलाब की पंखुड़ी, चुकंदर, पालक और हरी धनिया का जूस, बेल पत्र व मक्के का आटा लेकर छात्र-छात्राओं को गुलाल बनाना सिखाया गया। वि.

AMRIT VICHAR

अवकाश में ऑनलाइन संचालित होंगी कक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में 2 मार्च से 7 मार्च तक की अवधि में पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों को देखते हुए छात्रहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार कुलपति के अनुमोदन से अवकाश दिवसों को छोड़कर शेष तिथियों में शिक्षण कार्य ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षक अपनी सुविधा के अनुसार कक्षाएं लेंगे तथा विद्यार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज की जाएगी। सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय सामान्य कार्यदिवसों की भांति खुले रहेंगे।

कुलपति को जानकारी देते ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव।

एनसीसी गतिविधियों की दी जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय मे राष्ट्रीय कैडेट कोर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी औपचारिक मुलाकात किया। उन्होंने लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और रायबरेली मे संचालित राष्ट्रीय कैडेट कोर की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। ग्रुप कमांडर द्वारा कुलपति को विश्वविद्यालय तथा उससे संबद्ध महाविद्यालयों मे संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमो, स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर 64 यूपी बटालियन एनसीसी के कॉमन अधिकारी कर्नल एके गुप्ता और एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. रजनीश कुमार यादव उपस्थित रहे।

AMAR UJALA

'प्रसाद के साहित्य में दर्शन, कला और संगीत की त्रिवेणी'

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय पार्क में चार दिवसीय महाकवि जयशंकर प्रसाद साहित्य-संस्कृति महोत्सव-2026 के तहत बुधवार को चित्रकला शिविर और प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। आयोजन हिंदी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, ललित कला संकाय, महाकवि जयशंकर प्रसाद ट्रस्ट, राज्य ललित कला अकादमी और संस्कार भारती अवध प्रांत के सहयोग से किया जा रहा है। ट्रस्ट के न्यासी अवधेश गुप्त ने कहा कि जयशंकर प्रसाद के साहित्य में दर्शन, कला और संगीत की त्रिवेणी बहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश भी पढ़ा गया। राज्य संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष डॉ. विभा सिंह ने 'हिमाद्रि तुंग श्रृंग से' का पाठ किया। अवसर पर प्रो. सुनील सक्सेना, प्रो. अवधेश मिश्र, रश्मि श्रीवास्तव, अमनदीप, सौरभ सुरेश, मोहन मावा, मैनाज बानो, कुमारी नेहा, अश्विनी कुमार प्रजापति, धर्मेंद्र सिंह, निशांत राय, सिद्धार्थ देव, अराधना कांति, जितेंद्र राम और उपासना त्रिपाठी का सम्मान किया गया। मंच पर कमलेश पाठक, प्रो. पवन अग्रवाल थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

मकड़ियों की बढ़ती विविधता से संरक्षित हो रहा है पर्यावरण

जागरण विशेष

लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के अध्ययन में 100 प्रजातियों की मकड़ियों की हुई पहचान

I NEXT

केरम, शतरज और टेबल टेनिस के हुए मुकाबले

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे इंटर हास्टल प्रतियोगिता फेस्ट-2026 के अंतर्गत बुधवार का दिन सेकंड कैंपस में इनडोर खेलों को समर्पित रहा. इसमें स्टूडेंट्स दोनों के लिए कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस के रोमांचक मुकाबले आयोजित किए गए. कार्यक्रमों की शुरुआत सुबह 8:30 बजे हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न हॉस्टल से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. चेस कंटेस्टेंट में स्टूडेंट्स ने रणनीतिक मुकाबले खेले. टेबल टेनिस में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया. कैरम में भी प्रतिभागियों ने क्वीन जीतने के लिए कड़े मुकाबले किए. कैरम प्रतियोगिता के गर्ल्स ग्रुप में निवेदिता हॉस्टल की त्रिप्ती सिंह प्रथम और लवण्या की अनुष्का वर्मा दूसरे स्थान पर रहीं. चेस गर्ल्स ग्रुप में बीरबल साहनी हॉस्टल की शानिका उप्पला हेराथ पहले और चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल की संजना भारती को दूसरा स्थान मिला.

काशिश और अपर्णा जीतीं

इसी तरह टेबल टेनिस (सिंगल) गर्ल्स ग्रुप मे पहले स्थान पर गंगा हॉस्टल की काशिश यादव और दूसरे पर चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल की अपर्णा देवी रहीं. टेबल टेनिस (डबल) गर्ल्स ग्रुप मे चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल की अपर्णा देवी और चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल की नेहा राज पहले, श्वेता अंबेडकर व सानिया कुशवाहा को दूसरा स्थान मिला. टेबल टेनिस (सिंगल) ब्वॉयज ग्रुप मे कौटिल्य के हर्ष पांडेय ने पहला स्थान जीता, रंगोली ब्वॉयज ग्रुप मे हबीबुल्लाह हॉस्टल के विवेक यादव, अनुराग मिश्रा, विमल मिश्रा, पराक्रम सिंह पहले स्थान पर रहे.

HINDUSTAN TIMES

Course on AI from next session at LU, two other universities

HT Correspondent

letters@htlive.com

LUCKNOW: The city's prominent universities—Lucknow University, Babasaheb Bhimrao Ambedkar University and Khwaja Moinnudin Chishti Language University—are set to offer Artificial Intelligence (AI) as a value-added course for students across all disciplines starting next session.

At Lucknow University, the syllabus is being finalised. "Each faculty is preparing a syllabus related to the use of Artificial Intelligence in their disciplines. The syllabus will be discussed during a meeting of Deans and implemented after approval from the academic council. This will enable students to have hands-on training on optimum utilisation of Artificial Intelligence while coping with today's times and industry requirements," said LU vice-chancellor prof JP Saini.

The authorities at Babasaheb Bhimrao Ambedkar University are planning to set up a Centre of Excellence in Artificial Intelligence besides starting a common value-added paper in Artificial Intelligence. "The Centre of Excellence will hold workshops while also heading the activities related to the common value-added paper providing in-depth information regarding AI to the students. The Centre of Excellence will also organise training programmes making students AI-friendly," said vice-chancellor BBAU prof Raj Kumar Mittal.

A value-added course is also planned at Khwaja Moinnudin Chisti Language University. "Keeping up with the times, we are planning to initiate a 30-hour course in Artificial Intelligence for faculty members and students. It will be offered by the department of Computer Science and Engineering. Any student or faculty member of the university can enroll. They will receive basic training on using Artificial Intelligence as a tool to aid their studies, research and professional work. Those enrolling in the course will also receive a certificate upon completion," said vice chancellor KMCLU prof Ajay Taneja.

Lal Baradari revamp hangs in balance; LU VC assures steps

Godhooli Sharma

godhooli.sharma@htlive.com



LU's Lal Baradari HT PHOTO

LUCKNOW: Even as student protests have brought attention to the dilapidated state of ASI-protected Lal Baradari on the Lucknow University campus, uncertainty persists over how the 19th-century heritage structure will actually be conserved and restored.

Former head of the department of medieval and modern history at Lucknow University, prof Aroop Chakraborty, said, "The university should write to the Union ministry of culture for grants and the Archeological Survey of India (ASI) to take up restoration work. Even bodies like Agah Mirza Foundation can be approached for monetary and expert support in restoration of the monument."

Historian PC Sarkar said that in medieval times, the term 'baradari' or 'baradwari' referred strictly to a hall or pavilion with 12 doorways — a characteristic feature of Islamic architecture.

"By that definition, the large red-coloured structure with a 'tahkhana' does not qualify as a baradari. Apparently, there were three buildings within the premises, one of which was a square house washed in red ochre. This is the building that survives today as the Lal Baradari," he said.

"A portion of the building collapsed in 2021, forcing authorities to cordon off the area. In 2024, it was announced that repairs would be undertaken under the Pradhan Mantri Uchchatar Shiksha Abhiyan (PM-USHA), but no progress has been made so far," he said.

Mohammad Haider, a heritage enthusiast, said the university should coordinate with the ASI, UP State Archaeology Directorate, or the Indian National Trust for Art and Cultural Heritage (INTACH). "The vice-chancellor must move a proposal to these three bodies, while funds can be mobilised through crowd-funding, cultural grants or alumni support," he said.

Vice-chancellor prof JP Saini said the university was preparing a revised proposal for submission to the ASI after undertaking a fresh cost assessment.

"A proposal of ₹5 crore was sent in 2012, but subsequent damage necessitated a revised estimate. The updated proposal will be shared with the agency and industry partners concerned who may contribute CSR funds," he said.